संख्या -3/2015/145/21-उर्दू-1-2015(311/2014)

प्रेषक,

शैलेश कृष्ण
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव
उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी
विभूति खण्ड, गोमती नगर,लखनऊ।

भाषा (उर्दू) अनुभाग-1 लखनऊः दिनांकः 09 अप्रैल,2015

विषयः-वित्तीय वर्ष 2015-2016 हेतु उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी की योजनाओं के संचालनार्थ आयोजनेत्तर पक्ष से प्रथम किस्त की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी को प्रथम छः माह की आवश्यकता के लिए योजनाओं/क्रियाकलापों के संचालन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2015-2016 में आयोजनेत्तर पक्ष से प्रथम किस्त के रुप में निम्नलिखित शर्तों एंव प्रतिबन्धों के अधीन रू0 1,17,50,000/- मात्र (रू0 एक करोड़ सत्तरह लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय केवल चालू तथा अनुमोदित मदों एवं योजनाओं पर किया जायेगा और इसके अतिरिक्त किसी भी नयी मदों/योजनाओं तथा सेवाओं पर व्यय न किया जाये तथा अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र दिनांक 30 अगस्त, 2015 तक शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

2- स्वीकृत धनराशि कोषागार से एक मुश्त नहीं आहरित की जायेगी बल्कि व्यय होने की सीमा तक आवश्यकतानुसार कोषागार से आहरित की जायेगी औरनियमानुसार ही सक्षम अधिकारी की अनुमति से व्यय की जायेगी तथा बिल अनु सचिव(भाषा) भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा।

3- उपर्युक्त अनुदान पर वही नियम लागू होंगे जो वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के अध्याय-16-ए में दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 तथा अन्य स्थायी मितव्ययिता सम्बन्धी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

.....2-

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उपर्युक्त स्वीकृतरू0 1,17,50,000/- मात्र (रू0 एक करोड़ सत्तरह लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2015-2016 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-39 के लेखा शीर्षक-2202-सामान्य शिक्षा-आयोजनेत्तर-05-भाषा विकास-102- आधुनिक भारतीय भाषाओं तथा साहित्य का संम्बद्र्वन-04-उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी को अनुदान-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

शैलेश कृष्ण
प्रमुख सचिव

संख्या-3/2015/145 (1)/21-उर्दू-1-2015(311/2014)तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एंव हकदारी) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद।
3- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद को इस आशय से कि उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के लेखों का सम्परीक्षण प्रतिवेदन शासन को यथा समय भेजने का कष्ट करें।
4- कोषाधिकारी कलेक्ट्रेट लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-7
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
7- भाषा (उर्दू) अनुभाग-4
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बृजेश चन्द्र)
अनु सचिव (भाषा)

http://shasanadesh.up.nic.in